दैनिक जागरण 18/12/2022

# विजुअल से बताया द ओलिवर ट्विस्ट उपन्यास का सार



जीएमन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए चलचित्र के माध्यम से उपन्यास द ओलिवर ट्विस्ट के बारे बताया गया। प्राचार्य डा. वीके जैन ने कहा कि किसी भी विषय को समझने के लिए हमें कई बार आधुनिक युग की तकनीक और प्रौद्योगिकी का सहारा लेना पड़ता है। प्रमुख रूप से इन साधनों में इंटरनेट, चलचित्र, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर के जरिए विषय की गहराई को आसानी से समझा जा सकता है। कालेज के अंग्रेजी विभाग ने एमए अंग्रेजी (प्रथम एवं द्वितीय) अंग्रेजी आनर्स (प्रथम द्वितीय, तृतीय) एवं अन्य के लिए अंग्रेजी साहित्य के महान लेखक चार्ल्स डिकेंस के द्वारा लिखित उपन्यास द ओलिवर ट्विस्ट को चलचित्र के माध्यम से दिखाया। इस मौके पर डा. अंशु चौधरी, कमलेश, डा. ज्योति सोरोत, डा. नीना, डा. शिवानी, प्रोफेसर पारुल आदि मौजूद रहे।